मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



वर्ष : ०९ | अंक :१९ | मुंबई, शुक्रवार १५ फरवरी से २१ फरवरी २०१९ | पृष्ठ : ४ | कीमत : दो रुपये

## कुरार विलेज में की ट्रॉफिक जाम सबसे बड़ी समस्या है–अखिलेश सिंह

### शासन-प्रशासन से दिंडोशी विधान सभा क्षेत्र के सभी डीपी रोड जल्द से जल्द खुलवाने की मांग

**दीनानाथ तिवारी**

**मुंबई :** मुंबई में उत्तर पश्चिम जिला में कुरार विलेज तानाजी नगर शिवाजीनगर रमेश होटल भीम नगर गांधी नगर लक्ष्मण नगर इत्यादि क्षेत्रों में ट्रैफिक जाम की सबसे बड़ी समस्या है इस पर शासन प्रशासन के लोगों को गंभीरता से विचार करके इसका रास्ता निकालना चाहिए यह वक्तव्य वरिष्ठ समाज सेवक उद्योगपति अखिलेश सिंह भुवाल ने एक मुलाकात के दौरान पत्रकार से कही है. श्री सिंह ने आगे यह भी कहा है कि दिंडोशी विधानसभा में कई डीपी रोड हैं. मगर कोई भी शासन-प्रशासन के लोग या जनप्रतिनिधि डीपी रोड को निकलवाने या खुलवाने का काम नहीं कर रहे हैं. कुरार विलेज रोड की चौड़ाई कम होने की वजह से और साथ ही साथ दोनों तरफ अवैध रिक्शा टैक्सी टू व्हीलर की पार्किंग होने से रोड और भी छोटा हो जाता है. जिसकी वजह से सुबह १०:०० बजे से दोपहर १२:०० बजे तक इतनी ज्यादा ट्रैफिक जाम हो जाती है, जिससे लोग घंटों ट्रैफिक जाम में फंसे होकर परेशान रहते हैं. कई बार तो बीमार व्यक्ति एंबुलेंस में तड़पता रहता है. उसके परिजन परेशान रहते हैं. एंबुलेंस के सायरन वजती रहती है. मगर इसके बावजूद भी काफी समय तक एंबुलेंस ट्रैफिक जाम में फसी रहती है. कुछ माह पहले एक नगरसेविका प्रसव पीड़ा से पीड़ित तड़प रही थी. ट्रैफिक जाम में उनकी भी गाड़ी फंसी थी. तो नगरसेविका के पति ने अपने कार्यकर्ता पदाधिकारियों द्वारा ट्रॉफिक को निकाला, तो नगरसेविका को हॉस्पिटल पहुंचाया गया था. जहां मात्र २० से २५ मिनट बाद ही बच्चे को जन्म दिया. काश अगर साधारण गरीब की महिला होती तो अवश्य ही उस बच्चे का जन्म रोड पर ही हो गया होता. मेरी शासन और प्रशासन से और जनप्रतिनिधियों से विनम्र पूर्वक मांग है कि दिंडोशी विधानसभा क्षेत्र में जितनी भी डीपी रोड हैं. उसे जल्द से जल्द खुलवाने का काम करें, जिससे लोगों की समस्या पूर्ण रूप से खत्म हो सके मेरी आग्रह है और मेरी मांग भी है कि जब तक डीपी रोड नहीं खुलती है, तब तक उपर्युक्त रोड, चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस या सिटी पुलिस की व्यवस्था की जाए, ताकि बीमारी से पीड़ित व्यक्ति अगर एंबुलेंस या किसी भी गाड़ी से हॉस्पिटल जाता है, तो वह समय से पहुंच सके और अपना इलाज करा कर अपनी जान बचा सके.











## भाजपा दिंडोशी विधानसभा में भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल

### पूर्व आमदार राजहंस सिंह ने २५ वर्षों का काम ५ वर्षों में किया था वर्तमान समय के आमदार का पता नहीं- अमीन बेग

















**मंजु तिवारी**

**मुंबई :** भाजपा दिंडोशी विधानसभा क्षेत्र पठान वाडी, शिव शाही प्रकल्प शांति दूत सोसायटी इत्यादि क्षेत्रों में रहने वाले भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने भाजपा दिंडोशी विधानसभा के कार्यालय में माजी आमदार व भाजपा मुंबई प्रदेश के उपाध्यक्ष राजहंस सिंह से मिले और उनके मार्गदर्शन में भाजपा में प्रवेश किए. राजहंस सिंह ने सभी लोगों को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया. भाजपा में प्रवेश करने वाली महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विचारधारा से हम सब प्रभावित हैं. उन्होंने जो नारा दिया है "सबका साथ सबका विकास" और राजहंस सिंह साहब के कार्यों को हम देख कर हम सबने भाजपा में प्रवेश किया है. यह वक्तव्य पूछताछ के दौरान अब्दुल वाहिद ने कही है. सबीना कासिम शेख ने प्रधानमंत्री के तीन तलाक का समर्थन करते हुए कहा है कि मैं इससे बहुत खुश हूं. प्रधानमंत्री का यह निर्णय बहुत ही अच्छा है. अमीन बेग ने कहा है कि मैं राजन सिंह के कार्यों की सराहना करता हूं. जब यह दिंडोशी विधानसभा के आमदार चुनकर आए थे तो उन्होंने २५ वर्षों का काम ५ वर्षों में किया था. पूरे विधानसभा क्षेत्र में काम हुआ था. मगर आज के आमदार का पता नहीं है क्या कर रहे हैं.

यह पूरा दिंडोशी विधानसभा की जनता देख रही है हम सब लोग पश्चाताप कर रहे हैं और अपनी गलती को सुधार करते हुए हम सब एक साथ एकजुट होकर राजन सिंह के नेतृत्व में प्रवेश किया है और उनके साथ में रहकर कंधे से कंधे मिलाकर भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करूंगा और चुन कर लाऊंगा हमारे साथ आवाज अमीन उद्दीन बैग गुलफान राजू मुद्दीन बैग, मकसूद अहमद बेग, शहाबुद्दीन बेग, मुन्नाराम सलीम नुरुल बेग उद्दीन बेग, युसूफ बेग, सार उद्दीन बेग, वाहिद चिड़िया, अजीमुल्ला बाइत, निसार बेग, रसीन बेग,अफरोज आलम, बाइक अलाउद्दीन, अल्ताफउद्दीन बेग, फैजल बेग इसके अलावा शबीना कासिम शेख, अलका संतोष भिवाड़ी, अमिता संतोष चोरमारे, अलका भीमराव सोनावणे, सकीना अनवर अंसारी, सावित्री शंभू कांबले, सोनाबाई दिनकर बनसोडे, सुलोचना काते, मेहरून्निसा, सुमरा मुमताज, नजीर शेख, महादेवी सिद्धाराम बनसोडे, लक्ष्मी शिवराम कांबले, आरती गौतम, शोभा इत्यादि के अलावा इस शुभ अवसर पर फिल्मी कलाकार संजीव जयसवाल को दिंडोशी विधान सभा का उपाध्यक्ष पद देकर माजी आमदार राजहंस सिंह ने सम्मानित किया गया.

## यातायात नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियाँ





**सुरेश वाकडे**

**ठाणे,** दिवा पूर्व में बिना रजिस्ट्रेशन नं. के ऑटो रिक्शा सड़क पर फर्राटे से दौड़ती हुई नजर आ रही हैं लेकिन यातायात पुलिस दूर-दूर तक कहीं दिखाई नहीं दे रही है।

मुंब्रा देवी कालोनी और गणेश नगर सड़क पर अनधिकृत रुप से चल रहे ऑटो रिक्शा की बाढ सी आ गई है लेकिन यातायात पुलिस आँख बंदकर बैठी हुई है।

आखिर पुलिस किस घटना दुर्घटना का इंतजार कर रही। कुछ महीने पहले यातायात दुर्घटना में एक स्कूली छात्रा की मौत भी हो चुकी हैं जिसके संदर्भ में भाजपा दिवा शील मण्डल के अध्यक्ष आदेश भगत ने दिवा पोलिस चौकी में एक लिखित ज्ञापन भी दिया था लेकिन प्रशासन का रवैया वही ढाक के तीन पात। आखिर ऐसी गाड़ियों की जाँच क्यों नहीं हो रही हैं यह एक बहुत बड़ा प्रश्न है।



### बिना रजिस्ट्रेशन नं. के ऑटो रिक्शा सड़क पर फर्राटे से दौड़ती हुई नजर आ रही हैं




## मनसे को महागठबंधन में नहीं मिली एंट्री

**मुंबई :** कांग्रेस-राकांपा महागठबंधन में जगह नहीं मिलने के बाद राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने की बजाए, उन्हीं सीटों पर चुनाव लड़ने का मन बनाया है, जहां जीत की संभावना ज्यादा है।

लोकसभा चुनाव पर रणनीति बनाने के लिए सोमवार को मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के नेतृत्व में पार्टी नेताओं की बैठक उनके निवास स्थान कृष्णकुंज पर हुई। पार्टी ने किसी महागठबंधन में शामिल होने के बजाए पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का मन बनाया है। बैठक में शामिल नेताओं का कहना था कि उन्हीं सीटों पर चुनाव लड़ा जाए जहां जीत का चांस ज्यादा है। मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन में लोकसभा की सभी १० सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही गई। इसके अलावा पार्टी नासिक जिले की सीट पर भी उम्मीदवार उतारने का मन बना रही है, लेकिन यह अभी तय नहीं है। पार्टी पदाधिकारियों ने एक सुर में कहा कि सवाल जीत-हार का नहीं है, लोकसभा चुनाव लड़ने का है और पार्टी को लड़ना भी चाहिए।



कांदीवली पूर्व विधान सभा वार्ड क्रमांक २७ नरसीपाडा येथील गणेश गल्ली, लक्ष्मीबाई चाळ व मोरेवाडी चाळीतील गटार व लादीकरण कामाचे भूमिपूजन स्थानिक नगरसेविका सौ सुरेखा मनोजकुमार पाटील यांच्या हस्ते, पदाधिकारी व रहिवासी यांच्या उपस्थितीत पार पाडला.

## संपादकीय

# आरक्षण की अंधी सुरंग

राजस्थान में एक बार फिर गुर्जर समुदाय 5 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर सड़कों पर है। गुर्जरों ने रेल पटरियों पर बसेरा डाल दिया है। सड़कें अवरुद्ध हो रही हैं। धौलपुर में आंदोलनकारियों के हिंसक हो जाने के बाद फाय?रिंग भी हुई। आंदोलनकारी आगजनी भी कर रहे हैं।



देश के अलग-अलग हिस्सों में आरक्षण की मांग को लेकर हुए आंदोलनों के हिंसक हो जाने से लोग भी मारे जाते हैं बल्कि राष्ट्रीय सम्पत्ति को भी व्यापक नुक्सान पहुंचाया जाता रहा है। गुर्जर आरक्षण आंदोलन से राजस्थान फिर बेपटरी हो चुका है। वोट बैंक केन्द्रित राजनीति कितनी अराजक हो सकती है, इसके एक नहीं कई उदाहरण हैं। राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और हरियाणा में आरक्षण की मांग को लेकर हुए आंदोलनों के हिंसक हो जाने से यह राज्य बहुत बड़ा नुक्सान झेल चुका है। गुर्जर नेता इस बात पर अड़े हैं कि इस बार वे आरक्षण लेकर ही उठेंगे परन्तु मुश्किल यह है कि राज्य सरकार के लिए आरक्षण की मांग पूरी कर पाना संभव नहीं है। तभी तो राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि सरकार गुर्जरों की मांग पर मदद करने को तैयार है। उनकी बात केन्द्र तक पहुंचाने की जरूरत है और अब यह केन्द्र सरकार पर निर्भर करता है कि वह क्या फैसला लेती है। बातचीत की अपील के बावजूद गुर्जर आंदोलनकारी राज्य को बंधक बनाने पर तुले हुए हैं। आरक्षण के मामले में हमारा चिन्तन बिल्कुल भी इस तरह का नहीं है कि देश में वर्षों से दमित? और पीड़ित समाज को मुख्यधारा का अंग न बनाया जाए परन्तु ऐसा भी न हो कि इस आरक्षण के प्याले को हर कोई जूठा कर दे। इससे बड़ी विडम्बना क्या हो सकती है कि इस छीना-झपटी से इस प्याले में दरारें आने लगी हैं और यह वातावरण की जहरीली गैसों के सम्पर्क में आने से विषपाई हो चुका है। संविधान की नज़र में अगर मानव-मानव एक है तो फिर यह शोषित, पीड़ित और प्रताड़ित शब्दों का प्रयोग क्यों? आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों का विकास राष्ट्र और समाज का दायित्व है लेकिन प्रतिभाओं को पीछे धकेलना कहां तक उचित है। यही कारण है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों को अलग से दस फीसदी आरक्षण का ऐलान किया है। गुजरात में पटेल, हरियाणा में जाट, राजस्थान में गुर्जर सब आरक्षण मांग रहे हैं। गुर्जर आरक्षण आंदोलन के मूल में यह तथ्य अवश्य रहा है कि गुर्जरों में शिक्षा का अभाव रहा है जबकि मीणा शिक्षा के प्रति ज्यादा जागरूक रहे हैं। तभी तो अन्य पिछड़ा वर्ग के होने के बावजूद गुर्जर इसका बहुत कम लाभ उठा सके हैं। गुर्जर समुदाय को यह बात समझनी होगी कि यदि उन्हें अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिल गया तो भी उन्हें कोई फायदा नहीं होगा। जब तक शिक्षा के मामले में वह जागरूक नहीं होते तब तक सरकारी नौकरियां भी उन्हें नहीं मिल सकतीं। सवाल केवल सरकारी नौकरियों का नहीं बल्कि राजनीतिक वर्चस्व का भी है। राज्य की 25 लोकसभा सीटों में 8 सीटों पर गुर्जर समुदाय की पकड़ काफी मजबूत है और 7 पर उसका दबदबा है। 12 वर्ष पहले भी जब गुर्जर आरक्षण आंदोलन हिंसक हुआ था, तब करीब 30 लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। तब तत्कालीन भाजपा सरकार ने पांच फीसद आरक्षण की मांग मान ली थी, परन्तु जब यह मामला अदालत में गया तो उसने इसे निरस्त कर दिया।

# अबू धाबी का ऐतिहासिक फैसला, अदालत की तीसरी अधिकारिक भाषा बनी हिंदी



\- डॉ. अर्चना दूबे

अबूधाबी ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अरबी और अंग्रेजी के बाद हिंदी को अपनी अदालत में तीसरी अधिकारिक भाषा के रूप में शामिल कर लिया है । न्याय तक पहुँच बढाने के लिहाज से यह कदम उठाया गया है । अबूधाबी न्याय विभाग (एडीजेडी) ने शनिवार को कहा कि उसने श्रम मामलों में अरबी और अंग्रेजीके साथ हिंदी भाषा को शामिल करके अदालतों के समक्ष दावों के बयान के लिए भाषा के माध्यम का विस्तार कर दिया है । अधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, संयुक्त अरब अमीरात की आबादी दो तिहाई हिस्सा विदेशों के प्रवासी लोग है । संयुक्त अरब अमीरातमें भारतीय लोगों की संख्या 26 लाख है जो देश की कुल आबादी का 30 फीसदी है और यह देश का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है । एडीजेडी के अवर सचिव युसूफ सईद अल अब्री ने कहा कि दावा शीट, शिकायतों और अनुरोधों के लिए बहु भाषा लागू करने का मकसद प्लान 2021 की तर्ज पर न्यायिक सेवाओं बढ़ावा देना और मुकदमें की प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाना है ।

अबूधाबी न्याय विभाग ने दिनांक 09/02/ 2019 को कहा कि उसने श्रम मामलों में अरबी और अंग्रेजी के साथ हिंदी भाषा को शामिल करके अदालतों के समक्ष दावों के बयान के लिए भाषा के माध्यम का विस्तार कर दिया है । कई भाषाओं में याचिकाओं, आरोपों और अपीलों को स्वीकार करने के पीछे हमारा मकसद भविष्य की योजना को देखते हुए सभी के लिए न्याय व्यवस्था को प्रसारित करना है । इसी कड़ी में हिंदी भाषियों को अबूधाबी न्यायिक विभाग की अधिकारिक वेब साइड के जरिये रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है । यूएड में द्वीभाषी कानूनी व्यवस्था का पहला चरण नवम्बर, 2018 में लांच किया गया था । इसके तहत सिविल और वाणिज्यिक मामलों में यदि वादी प्रवासी हो, तो अभियोगी केश के दस्तावेजों का अंग्रेजी में अनुवाद करना होता है । इस आदेश के बाद यह सुविधा अब हिंदी में भी उपलब्ध होगी । आपको बता दे कि प्रतिवर्ष विश्व भर में 14 सितम्बर को 'हिंदी दिवस' मनाया जा रहा है । हिंदी भाषा की बात ही निराली है इसे ना सिर्फ जानने वाले पसंद करते है बल्कि विदेशी इस भाषा से खासा लगाव रखते है । हिंदी भाषा को ऐसी कड़ी माना जाता है जो भारत को किसी भी देश के साथ आसानी से जोड़ने का काम करती है । यह हिंदी भाषा की मिठास ही है कि इसे देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी चाहने वालों की कमी नहीं है । गौरतलब है कि 14 सितम्बर, 1949 को हिंदी को राजभाषा दर्जा मिला था उसी समय से हर साल यह दिन हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के साथ ही सूरीनाम, फिजी, त्रिनीडाड, गुयाना, मॉरिशस, थाइलैंड व सिंगापुर में भी हिंदी वहा की राजभाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है और अब अबूधाबी को मिलाकर हिंदी भारत के अतिरिक्त आठ देशों की मान्यता प्राप्त भाषा बन गयी है । इसी के साथ विश्व के 44 ऐसे राष्ट्र है जहां की 10ड़ या उससे अधिक जनता हिंदी बोलते और समझते है । इसीलिए एक बड़ी आबादी के न्याय, समानता का मान रखते हुए आबूधाबी की सरकार ने अपने न्यायालयों में जब हिंदी को अधिकृत भाषा का दर्जा दिया तो यह हमारे देश के साथ ही भाषाई गर्व का भी प्रतीक के रूप में उपस्थित हो गया,पर हम सब कब इस बात को समझेंगें । साथ ही विदेशी धरती पर हिंदी का यह महत्व अपनेदेश की न्याय व्यवस्था पर एक बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह भी खड़ा करता है । जहा आजादी के 70 साल के बाद भी न्याय के मंदिर में हिंदी व भारतीय भाषाओं को दोयम दर्जा प्राप्त है । यह भारतीयों के लिए बहुत शर्म की बात है कि आज भी न्याय की भाषा एक औपनिवेशिक संस्कृतिकी प्रतीक भाषा अंग्रेजी है । जहां अंग्रेजी के मूल दस्तावेज को ही प्रमाण माना जाता है वहां लोकतंत्र की मूल परिभाषा का ही हँसी उड़ाया जा रहा है । अब लगता है कि वह समय आ गया है कि हम भारतीय गुलाम मानसिकता को दूर कर अपनी भाषा को वह सम्मान दिलाए जिसकी वह अधिकारिणी है । न्याय व्यवस्था में भारतीय भाषाओं की मांग को मजबूती के साथ रखा जाय ।एक मुस्लिम देश में हिंदी को लेकर हुआ ऐतिहासिक फैसला, वहां की अदालतों में इसे अब माना जायेगा तीसरी ऑफिशियल भाषा । देश के अफसरों ने बताया कि हिंदी को मिला सम्मान ।

# मुंह के छालों की आयुर्वेदिक चिकित्सा

**मुँह** के छाले मुंह में विकसित होनेवाले तकलीफदेह घाव होते हैं। ये घाव छोटे पर अत्यधिक पीड़ादायक होते हैं, और इनके विकसित होने के कई कारण होते हैं। यह घाव मुँह के भीतर या मुँह के बाहर भी विकसित हो सकते हैं। जो घाव मुँह के बाहर जैसे कि होठों पर विकसित होते हैं, उन्हें 'कोल्ड सोर्स' के नाम से जाना जाता है, और यह हर्पिस वाइरस के कारण विकसित होते हैं। यह अत्यधिक संक्रामक होते हैं, और एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में चुम्बन के द्वारा स्थानांतरित होते हैं। मुँह के भीतर के छाले 'एफथस अल्सर' के नाम से जाने जाते हैं।

मुँह के छालों के कारण

दांतों से जीभ को काटने से या दांतों को ब्रश करते समय मुँह में किसी चीज़ को काट लेने से मुँह के छाले विकसित होते हैं। दांतों में लगे हुए गेलीस (ब्रेसिस) भी मुँह के छालों के कारण बन सकते हैं। एफथस अल्सर मानसिक तनाव के कारण भी विकसित होते हैं, फिर अपने आप ही गायब हो जाते हैं।



पान में उपयोग किया जानेवाला कोरा कत्था लगाने से मुँह के छालों से राहत मिलती है। सुहागा और शहद मिलाकर छालों पर लगाने से या मुलहठी का चूर्ण चबाने से छालों में लाभ होता है।

मुँह के छालों में त्रिफला की राख शहद में मिलाकर लगायें। थूक से मुँह भर जाने पर उससे ही कुल्ला करने से छालों से राहत मिलती है ।

दिन में कई बार पानी से गरारे करें।

अपने मुँह में पानी भरकर अपने चेहरे को धोएं।

दिन में ३ या ४ बार घी या मक्खन को थपथपाकर लगायें।

नारियल के दूध या नारियल के तेल से गरारे करने से मुँह के छालों से राहत मिलती है।

अलसी के कुछ दाने चबाने से भी मुँह के छालों में लाभ मिलता है ।

पके हुए पपैये को वेधित करने से उसमे से क्षीर निकलता है और इस क्षीर को छालों पर लगाने से काफी राहत मिलती है।

३ ग्राम त्रिफला चूर्ण, २ ग्राम अधिमधुरम, शहद और घी मिलाकर लेई बनाकर छालों पर लगाने से काफी आराम मिलता है।

तीखे और मसालेदार खान पान और दही और अचार का सेवन करने से बचें।

मुँह के छाले कब्ज़ियत के कारण भी होते हैं, और अगर वाकई में यही कारण है तो एक सौम्य रेचक औषधि लें, जिससे आपको काफी राहत मिलेगी। त्रिफला चूर्ण एक बहुत ही उम्दा रेचक औषधि होती है।मुंह के छालों पर अमृतधारा में शहद मिलाकर फुरैरी से लगायें। अमृतधारा में ३ द्रव्य होते हैं-पेपरमिंट, सात अजवाईन, और कर्पूर। इन्हें १ शीशी में भरकर धूप में रख दें, पिघलकर अमृतधारा बन जायेगी।

# ज़ख्मों और घावों की आयुर्वेदिक चिकित्सा

**किसी** चोट के कारण जब त्वचा फट जाती है या पंचर हो जाती है, तो



त्वचा पर एक घाव हो जाता है जिसे खुला घाव कहते हैं।. किसी मानसिक आघात या सदमे के कारण जब कोई चोट पहुँचती है तो अंदरूनी घाव होता है जिसे बंद घाव के नाम से जाना जाता है। त्वचा की सतह पर किसी भी दरार या चोट के कारण शरीर में से न सिर्फ रक्त और अन्य द्रव पदार्थों का रिसाव होता है, बल्कि उस चोट में कीटाणुओं के घुसने की भी संभावना बढ़ जाती है।

**क्या होते है खुले घाव और बंद घाव**

किसी पैनी चीज़ जैसे कि चाकू, छुरी या रेज़र या काँच के टुकड़े से त्वचा का कटना। खरोंच जिससे त्वचा की उपरी सतह निकल जाती है। किसी सुई या कील से त्वचा का पंचर होना। भेदन घाव जो चाकू जैसी चीज़ शरीर के अन्दर घुसने के कारण होता है, बन्दूक की गोली या ऐसे ही किसी प्रक्षेप्य वस्तु के कारण ज़ख्म का होना। अंदरूनी मार, खरोंच वगैरह से भीतरी चोट पहुँचना। हेमाटोमस जिसे रक्त का ट्यूमर भी कहा जाता है, रक्त वाहिका के क्षतिग्रस्त होने के कारण होता है। लम्बे समय से हो रहे दबाव के कारण कृष इंजरी का होना। तीक्ष्ण और गंभीर या अभिघताज घाव, उन चोटों के कारण होते हैं जो टिस्यू को भंग कर देते हैं।

**आयुर्वेदिक उपचार**

**ज़ख्मों और घावों के आयुर्वेदिक उपचार**

चन्दन की लेई घाव पर लगाने से भी घाव जल्दी ठीक हो जाते हैं। कच्चे केले का रस घाव पर लगाने से भी घाव जल्दी ठीक हो जाते हैं। लहसुन का रस और हल्दी तिल के तेल के साथ मिलाकर बनाये हुए मिश्रण से सूजन कम हो जाती है और घाव जल्दी भर जाते हैं। तिल और नीम के पत्ते एरंडी के तेल के साथ भूनकर और हल्दी और कपूर के साथ पीसकर घरेलू मरहम बनाया जा सकता है। इस मरहम को घाव पर लगाने से घाव जल्दी भर जाते हैं। नारियल के तेल में कपूर उबाल लें और इसे सूजी हुई जगह पर लगा लें। अगले दिन उसे गरम पानी से धो लें। इससे अंदरूनी चोट के कारण हुई सूजन कम हो जाती है। संतरे, अंगूर, लहसून, गाजर का सेवन करने से घावों के भरने में सहायता मिलती है। पिसे हुए पुदीने को एक कपड़े में बांधकर घाव पर रखने से घाव जल्दी भर जाते हैं और संक्रमण का डर भी नहीं रहता।

घाव को ठीक करने के लिए अन्य आयुर्वेदिक इलाज भी होते है। अगर आपको इनसे राहत ना मिले तो किसी आयुर्वेदिक विशेषज्ञ से मिले।

# आयुर्वेदक चिकित्सा दिलाएगी सिर के जुओं से निजात

**जुओं** की समस्या ज़्यादातर ३ से १२ वर्ष के बच्चों में पाई जाती है। लेकिन यह समस्या किसी को भी परेशान कर सकती है। जुओं का आहार और खान पान मनुष्य का रक्त होता है। वह जिसके सिर में रहती हैं उसका रक्त पीकर जीती हैं।जुएँ बहुत ही महीन, पंख रहित कीड़े होते हैं जो सिर में आसानी से नज़र नहीं आते। वे भूरे और स्लेटी रंग की होती हैं और हर जूँ की लम्बाई चौड़ाई एक तिल से ज़्यादा नहीं होती। सिर की जुएँ, माता पिता, बच्चों, स्कूल और स्वास्थ्य की देखभाल करनेवालों की सहायता से नियंत्रण में की जा सकती हैं। सिर की जुएँ एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में सीधे संपर्क में आने के कारण स्थानांतरित होती हैं। संदूषित कंघियाँ और हेयर ब्रश इस्तेमाल करने से, या संदूषित चद्दरें, तौलिये या शावर कैप बाँट कर इस्तेमाल करने से भी सिर की जुएँ फैलती हैं। बालों में किसी चीज़ के चलने का एहसास।जुओं के काटने के कारण सिर में खुजली का एहसास।जुओं के काटने से सिर में घाव, जो कभी कभी संक्रमित हो सकते हैं। आदि इसके लक्षण होते है। अमरुद के पत्तों को पीसकर हल्दी के साथ मिलाकर मिश्रण बना लें और नहाने से दो घंटे पहले सिर पर मल दें। इससे आपको जुओं से छुटकारा मिल जायेगी।नीम के पत्तों को पीसकर नहाने से २ घंटे पहले सिर पर लगाने से भी जुओं से छुटकारा मिलता है। निबौली, सरसों या माजूफल का तेल लगाने से या अरिठे का फेन लगाने से जूँ और लीखें मर जाती हैं।तुलसी के पत्ते पीसकर सिर पर लगा लें, उसके बाद सिर पर कपड़ा बांध लें। सारी जुएँ मरकर कपडे से चिपक जायेंगी, और ऐसा दो तीन बार करने से पूर्ण रूप से जुएँ साफ़ हो जायेंगी। आधा चम्मच काली मिर्च का पाउडर और एक कप दही दो चम्मच नींबू के रस के साथ मिलाकर, नहाने से २० मिनट पहले सिर



पर लगाने से सिर की जुओं का पूर्ण रूप से खात्मा होता है। पर एक बात याद रखें कि नहाते वक्त अपनी आँखें बंद रखें वर्ना काली मिर्च का पाउडर आपकी आँखों को जलन से परेशान कर सकता है।

नींबू के टुकड़े को सिर पर रगड़ने से या नींबू का रस नारियल के तेल के साथ मिलाकर सिर पर लगाने से भी जुएँ पूर्ण रूप से नष्ट हो जाती हैं। नीम के पत्ते और तुलसी के पत्ते तकिये के नीचे रखने से जुओं की समस्या काफी हद तक खत्म हो जाती है। लहसून का कसैला स्वाद भी जुओं को मारने में सहायक सिद्ध होता है। नहाने से पहले लहसून की लेई नींबू के रस के साथ मिलाकर सिर पर लगाने से भी जुओं को नष्ट करने में मदद मिलती है।सिर के से बालों को धोने से भी २ दिन के अंदर जुएँ नष्ट हो जाती हैं।डइसे भी पढ़ें: आर्युविद दिल को रखे तंदुरुस्त. घर की साफ़ सफाई बनाये रखें। बालों की कंघियों और हेयर ब्रश की नियमित रूप से सफाई करें। जुओं से ग्रस्त व्यक्ति के द्वारा इस्तेमाल की गयी चद्दरें, तकियों के आवरण वगैरह गर्म पानी से वॉशिंग मशीन में अच्छी तरह धोएं। हो सके तो घर की सफाई वैक्यूम क्लीनर से करें। सिर के जुओं का इलाज जल्द से जल्द करना चाहिये क्योंकि अगर ऐसा नहीं किया गया तो यह बालों की जड़ों को कमज़ोर कर सकती हैं, जिससे खुजली और बालों के झड़ने की संभावना हो सकती है।

# महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग में 'व्यापम'

**मुंबई :** महाराष्ट्र राज्य युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सत्यजीत तांबे ने महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) की परीक्षा में मध्यप्रदेश के व्यापम जैसे घोटाले का आरोप लगाया है। तांबे ने परीक्षा तत्काल रद्द करने की मांग की है। मांग न माने जाने पर उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाने की चेतावनी दी है। सोमवार को युवक कांग्रेस अध्यक्ष तांबे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग परीक्षा में 'सामूहिक नकल' को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो 'व्यापम' से बड़ा घोटाला साबित होगा। तांबे ने बताया कि आयोग की परीक्षा में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए एक मोबाइल नंबर पंजीकृत करना होता है। साल २०१७-१८ से सीट नंबर आवेदक के मोबाइल नंबर के अंतिम अंक के आधार पर आवंटित किया जा रहा है। हालांकि, यह पता चला है कि कई उम्मीदवारों ने अपने अंतिम सीरियल नंबर को उनके द्वारा परिचित उम्मीदवारों के नंबरों से अपने मोबाइल नंबर को अपडेट किया है। इस प्रकार, इस गलत तरीके का उपयोग कर उम्मीदवारों को आवंटित सीट संख्या परिचित उम्मीदवारों की बगल में दी जा सकती है और परीक्षा में 'सामूहिक नकल' को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# उल्टियों की आयुर्वेदिक चिकित्सा

**जब** पेट के पदार्थों का पूरे जोश के साथ मुंह और नाक के ज़रिये निष्काशन होता है, तो उस प्रक्रिया को उल्टियों क नाम से जाना जाता है। उल्टियाँ होने के कई कारण होते हैं जैसे कि अधिक या दूषित खाना खाना, बीमारी, गर्भावस्था, मदिरापान, विषाणुजनित संक्रमण, उदर का संक्रमण, ब्रेन ट्यूमर, मष्तिष्क में चोट, इत्यादि। उल्टियाँ होने के एहसास को मतली के नाम से जाना जाता है, लेकिन यह उल्टियाँ आने से पहले का एहसास होता है, कारण नहीं। उल्टी के इलाज के लिए आयुर्वेदिक तरीके के बारे में विस्तार से पढ़े:- उल्टियों को बंद करने के लिए एक बहुत ही उम्दा उपाय है और वह है किसी कार्बोनेट रहित सिरप का एक या दो चम्मच सेवन करना। इससे पाचन क्रिया में राहत मिलती है और उल्टियाँ बंद हो जाती हैं। ऐसे सिरप में कार्बोहाइड्रेट मौजूद होते हैं जो पेट को ठंडा रखते हैं।

एक और उम्दा उपचार है अदरक और उसकी जड़। आप अदरक के २ कैप्सूल का प्रयोग कर सकते हैं या अदरक वाली चाय का सेवन कर सकते हैं। अदरक में पाचनक्रिया अग्नि को बढ़ाने की क्षमता होती है, और यह उदर में से हो रहे भोजन-नली को परेशान करनेवाले उस अनावश्यक स्त्राव में बाधा पैदा करता है, जिस स्त्राव से उल्टियाँ होती हैं। १ ग्राम हरड का चूर्ण शहद के साथ चटाने से भी उल्टियाँ रोकने में मदद मिलती है। एक और असरदार उपचार है कि आप अपनी उंगलियाँ धोकर एक ही बार अपने गले में घुसाकर पेट में जमा हुए पदार्थों को उल्टी के ज़रिये बाहर निकाल दें, ताकि उल्टी अंदर जमा न रहने पाए। आप एक दो लौंग अपने मुंह में रख सकते हैं, या लौंग के बदले दालचीनी या इलायची भी रख सकते हैं। यह मसाले उल्टियाँ विरोधक औषधियों का काम करते हैं और उल्टियाँ रोकने का यह बहुत ही असरदार उपचार होता है।सात अजवाइन , पेपरमिंट और कर्पूर का द्राव १५-२० बूँद तक की मात्रा में मिलाकर पिलाने से उल्टियाँ तुरंत रुक जाती हैं। नींबू का टुकड़ा काले नमक के साथ अपने मुंह में रखने से आपको उल्टी का एहसास नहीं होगा।अगर आपने मदिरापान किया है और आप नहीं चाहते कि आपको उल्टी आये, तो सादी पाव-रोटी खाएं। पाव-रोटी आपकी पाचन क्रिया को संभालती है और आपके द्वारा सेवन की हुई मदिरा को आसानी से सोख लेती है।

# हिंदुस्तानी प्रचार सभा में भाषण प्रतियोगिता संपन्न

**मुंबई:** हिंदुस्तानी प्रचार सभा की ओर से आयोजित सरल हिंदी पाठ्यक्रम के विभिन्न कॉलेजों और केंद्रों के ३० विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर डॉ. सुशीला गुप्ता ने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में विक्रम विश्वकर्मा (सोमैया कॉलेज) को प्रथम, शब्बो खान (सोफिया कॉलेज) को द्वितीय, आकांक्षा चौबे (श्रॉफ कॉलेज) को तृतीय और सुप्रिया गांवकर (हिंदुस्तानी प्रचार सभा) तथा अन्नू सोनी (खालसा कॉलेज) को प्रोत्साहन पुरस्कार से नवाजा गया। प्रथम पुरस्कार विजेता विक्रम विश्वकर्मा के वक्तव्य को सभी ने सराहा। आयोजन में राजेंद्र रावत, सरोज त्रिपाठी और संध्या पांडेय ने निर्णायक की भूमिका निभाई। रोहिणी आचरेकर ने कार्यक्रम का संचालन किया और सैयद अली अब्बास ने आभार व्यक्त किया।


## आवश्यकता है

**मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :**

**संपर्क : मो. ९८२१२८७९०५, ९३२२२४८३५३-९१६७००९६२९**

**Email :**

## Advertisment Rates

**Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)**

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**

5 Year - 1000 Life time - 3000

Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



**प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड (पूर्व), मुंबई- 97 से प्रकाशित। संपादक** - दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - **चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ** : बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी

**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,

**मो.** 9821287905,9322248353-9167009629

**Email : metrodinank@gmail.com**

**Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009**

**नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें**

# एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक की नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

## नाइजीरियाई नागरिक के पास से ३८ ,९५ ,९७ ,६०० की कीमत का कोकीन जब्त

### विभाग ९ में अब तक सब से बड़ी कार्यवाही

**मुंबई,** मुंबई पुलिस आयुक्त,मुंबई ने मुंबई शहर में ड्रग माफिया से निपटने के लिए सभी पुलिस बलो को आदेश दिया था इन आदेशों का पालन करते हुए,संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून विवस्था ) श्री देवेन भारती और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (पश्चिम विभाग ) श्री मनोज कुमार शर्मा ने सभी पुलिस थानों को आवश्यक निर्देश और मार्गदर्शन दिया था कि ड्रग माफिया, पैडलर्स के साथ कैसे निपटना है । इन निर्देशों का पालन करते हुए,पुलिस उपायुक्त , विभाग ९ परमजीत सिंग दहिया ने क्षेत्र के सभी पुलिस ठाणे के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षकों व अपराध शाखा की बैठक ली थी और जोन ९ के अधिकार क्षेत्र के विशेष अधिकारियों ने उन्हें ड्रग माफिया के खिलाफ संगठित अभियान चलाने के लिए कहा था। अंबोली पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने अंबोली क्षेत्र में ड्रग माफिया के खिलाफ कार्रवाई की योजना को लागू करने के लिए पुलिस निरीक्षक दया नायक की अध्यक्षता में एक विशेष दल बनाया था । ०९ /०२/२०१९ को, पुलिस इंस्पेक्टर दया नायक को अपने मुखबिर नेटवर्क से एक गुप्त सूचना मिली कि कुछ अंतर्राष्ट्रीय ड्रग पेडलर्स नेटवर्क से जुड़ा नाइजीरियाई नागरिक अंबोली क्षेत्र में आने वाला है। आगे बताया गया की नाइजीरियाई नागरिक कोकीन की एक बड़ी मात्रा का सौदा करने आने वाले हैं जिसे घर के पर्दे में छुपाया जाएगा। सूचना के आधार पर, पुलिस इंस्पेक्टर दया नायक और उनके दस्ते ने मौर्य लैंडमार्क से मौर्य एस्टेट रोड, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई के पास जाल बिछाया। ०९/०२/२०१९ को लगभग २१ .५० पर, एक विदेशी महिला सहित ३ विदेशी नागरिक मौके पर आए पुलिस टीम ने उनकी गतिविधियों को संदिग्ध पाया और उनसे पूछताछ की।तो



उन के नाम निरस अजूबिक ओखोवो (उम्र ३५ वर्ष) (नाइजीरियन नेशनल), सइमन अगोब्टा (उम्र ३२ ) (नाइजीरियन नेशनल), मिचेल सैंड होप (उम्र २९ ) (नाइजीरियाई नेशनल) और एले पिंटो इरिस (ब्राजीलियन नेशनल) महिला पता चला . जब पुलिस टीम ने उनके सामान की तलाशी ली, तो उन के सामान से कई पर्दे बरामद किये गए ।

पुलिस दल ने एक दिलचस्प मोडस ऑपरेंडी का खुलासा किया, जो पहले कभी सामने नहीं आया था। निकट निरीक्षण करने पर पुलिस टीम ने पाया कि प्लास्टिक की थैलियों में बड़ी मात्रा में कोकीन को धातु के छल्ले और पर्दे के रिबन में छुपाया गया था। कॉन्ट्राबैंड को इस तरीके से छुपाया गया था, जिससे कोई संदेह पैदा न हो। पुलिस टीम ने तब उन के कपड़ों और कार्डबोर्ड रिम्स, रिबन, धातु के छल्ले, को दबाने के लिए एक दबाने वाली मशीन, कोकीन को छुपाने के लिए नायलॉन की पाइप, विभिन्न आकार के प्लास्टिक के तीन इलेक्ट्रॉनिक तराजू और प्लास्टिक की थैलियों को जब्त किया। ये कार्यवाही हाल के दिनों में सबसे बड़े बरामदगी के रूप में कहा जा सकता है, पुलिस ने ६ .४९२ किलोग्राम का कोकीन जिस की कीमत ३८ ,९५ ,९७ ,६०० (अड़तीस करोड़ पिचान नब्बे लाख सत्यान्नब्बे हज़ार छे सौ )बताई जा रही है आरोपि के पास से जब्त किया है . दिलचस्प बात यह है कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक महिला आरोपी को हाल ही में एक अन्य नशीले पदार्थों के मामले में ७० ,००० रुपये की जमानत पर रिहा कर दिया गया था। और, गिरफ्तार महिला आरोपी ने पुलिस को सूचित किया है कि वह दो महीने पहले भाइकल ला महिला जेल से एक ड्रग मामले में जमानत पर रिहा हुई थी। गिरफ्तार आरोपियों को रविवार को अदालत में पेश किया गया और उन्हें ७ दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। आगे की जांच पुलिस इंस्पेक्टर गजानंद सरगर कर रहे हैं। इस प्रकार, अंबोली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय नशे के वियापारी को सफलतापूर्वक उजागर कर दिया है जो एक अनोखे मोडस ऑपरेंडी का उपयोग कर नशे का कला ज़हर बेचने जा रहे थे । पुलिस ने जब गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की तो आरोपी ने बताया की ये कोकीन कुरयर के माध्यम से साउथ अफ्रीका जोहानसबर्ग विदेश में भेजा जाने वाला था सहायक पुलिस आयुक्त राजेंद्र चव्हाण और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक भारत गायकवाड़ की देखरेख में पुलिस के विशेष दस्ते दया नायक, पुलिस इंस्पेक्टर रविन्द्र सालुंके, पुलिस इंस्पेक्टर गोपाले , सहायक पुलिस निरीक्षक विशाल गायकवाड़, पुलिस उप निरीक्षक विजय गायकवाड़ पुलिस उप निरीक्षक फड़तरे ,हेड कांस्टेबल सावंत, कांस्टेबल नादिर, पुलिस नाइक बूमटे , चव्हाण, राणे, पवार, सालवी, डांगे, पाटिल, महिला पुलिस कांस्टेबल वाडेकर ने कार्यवाही को अंजाम दिया।

## सीएम देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने की संभावना से किया इनकार

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा और राज्य में विधानसभा चुनाव एक साथ होने की संभावना से शुक्रवार को इनकार किया. उनका बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अशोक चव्हाण ने अनुमान लगाया था कि दोनों चुनाव साथ होंगे और



उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनाव के लिए तैयार रहने का आह्वान किया था. अशोक चव्हाण के बयान पर हल्की चुटकी लेते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस नेता को भविष्य का अनुमान लगाने की आदत हो गई है क्योंकि पार्टी में उनके पास कोई काम नहीं रह गया है.

पालघर जिले में एक कार्यक्रम के बाद देवेंद्र फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा कि अशोक राव को विपक्ष की बेंचों पर फिर से बैठने की हड़बड़ी नहीं करनी चाहिए. हम चुनाव (क्रमश: उनके निर्धारित) समय पर कराने जा रहे हैं. हमारा (विधानसभा) चुनाव समय से पहले कराने का इरादा नहीं है. लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने हैं जबकि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव इस साल अक्टूबर में होने की संभावना है. बता दें कि कांग्रेस ने दावा किया था कि महाराष्ट्र विधानसभा बजट पेश करने के बाद २८ फरवरी को भंग हो सकती है. ऐसा आगामी लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव के लिए मार्ग प्रशस्त करने के लिए किया जा सकता है. औरंगाबाद में गुरुवार रात कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की एक रैली को संबोधित करते हुए राज्य कांग्रेस अध्यक्ष अशोक चव्हाण ने कहा कि राज्य सरकार इस बार एक साथ चुनाव कराने की योजना बना रही है.चव्हाण ने कहा कि इस महीने बजट पेश होने के बाद राज्य विधानसभा तत्काल भंग कर दी जाएगी. इस बात को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी पार्टी कार्यकर्ताओंको कार्य में जुट जाना चाहिए.

## देश में स्वाइन फ्लू का कहर, इस साल अब तक २५० लोगों की मौत

देश में स्वाइन फ्लू इस साल अब तक २५० से ज्यादा लोगों की जान ले चुका है. ऐसी खबर है कि गुरुवार तक तीन दिन में ३० से ज्यादा लोगों की मौत हुई है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश भर में राजस्थान में सबसे ज्यादा ९६ मौते हुई हैं और गुरुवार तक २,७०६ मामले सामने आए हैं. इसके बाद गुजरात में ५४ मौतें हुईं और १,१८७ मामले सामने आए हैं. पंजाब में इस बीमारी की वजह से ३० लोगों की मौत हो चुकी है और ३०१ मामले सामने आ चुके हैं. महाराष्ट्र में अब तक १३ लोगों की मौत हो चुकी है और १९७ मामले सामने आए हैं. दिल्ली २८ जनवरी तक स्वाइन फ्लू के मामले में २८ जनवरी तक राजस्थान और गुजरात के बाद तीसरे स्थान पर था. लेकिन अब स्वाइन फ्लू के १,४०६ मामलों के साथ यह दूसरे स्थान पर है. दिल्ली में अब तक छह लोगों की मौत हुई है. हरियाणा और तेलंगाना में क्रमश: स्वाइन फ्लू के ५८९ और ३९० मामले दर्ज किए गए हैं और इस बीमारी की वजह से दोनों राज्यों में दो लोगों की मौत हुई है. स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों से इस बीमारी के शुरुआती लक्षणों पर निगरानी बढ़ाने को कहा है और इस बीमारी से निपटने के लिए अस्पतालों में बेड रिजर्व रखने को कहा गया है.



## मेट्रो स्टेशन के लिफ्ट के अंदर किसिंग करते कैद हुए कई प्रेमी जोड़े

हैदराबाद के मेट्रो स्टेशन पर दिव्यांगों और बुजुर्गों की सहायता के लिए लगाई गई लिफ्ट प्रेमी जोड़ों का नया ठिकाना बन गई हैं. दरअसल, मेट्रो स्टेशन पर लिफ्ट में लगे सीसीटीवी कैमरों में कई प्रेमी जोड़े किसिंग करते हुए कैद हो गए हैं. सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई फुटेज में देखा जा सकता है कि कई प्रेमी जोड़े लिफ्ट के अंदर किसिंग कर रहे हैं. लिफ्ट के अंदर प्रेमी जोड़ों का ये किसिंग वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.वीडियो में देखा जा सकता है कि लिफ्ट के दरवाजों के बंद होते ही प्रेमी जोड़े एक दूसरे के करीब आते हैं और फिर किसिंग करने लगते हैं. किसिंग के दौरान प्रेमी जोड़े लिफ्ट को इंगेज रखने की कोशिश करते हैं और लिफ्ट का गेट बार-बार बंद कर के उसको ऊपर नीचे ले जाते हैं ताकि ज्यादा समय लिफ्ट के अंदर बिता सकें. प्रेमी जोड़ों के किसिंग वीडियो वायरल होने से हैदराबाद मेट्रो रेल लिमिटेड हैरान है. सवाल सिर्फ प्रेमी जोड़ों के मेट्रो लिफ्ट के इस्तेमाल का नहीं है. सवाल ये भी है कि प्रेमी जोड़ों के अंतरंग पलों का सीसीटीवी वीडियो बाहर कैसे आया. हैदराबाद मेट्रो प्रशासन की ओर से इस मामले में जांच के आदेश दे दिए गए हैं.

## PUBG खेलने के लिए पति ने प्रेग्नेंट बीवी को छोड़ा

वैसे तो गेम खेलना तनाव से राहत पाने का सबसे अच्छा तरीका माना जाता है. लेकिन अति होने पर वही गेम जानलेवा और बरबादी का कारण भी बन जाता है. ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें ऑनलाइन गेम पबजी (इळॅउ) खेलने के लिए पति ने अपनी पत्नी को छोड़ दिया.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ महीने पहले एक शख्स ने अपनी प्रेग्नेंट पत्नी को महज इसलिए छोड़ दिया क्योकि उसे पबजी खेलने के लिए अधिक समय चाहिए है. इस गैर-जिम्मेदार पति की करतूतों का खुलासा फेसबुक पोस्ट के जरिए हुआ है. जो कि सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. हालांकि इस पोस्ट में शख्स के बारे में कुछ अधिक नहीं बताया गया है. वायरल फेसबुक पोस्ट के अनुसार शख्स हर वक्त पबजी खेलने में मशगूल रहता था. इसलिए वह अपनी पत्नी का प्रेग्नेंट होने के बावजूद भी ध्यान नहीं रखता था. पबजी ना केवल भारत बल्कि दुनियाभर में लाखों लोगों का मोस्ट फेवरेट गेम बन गया है. यह गेम आज कई लोगों के लिए पागलपन बन चुकी हैं. जिसकों देखते हुए कई राज्यों में पबजी पर बैन लगाने की मांग भी जोर-शोर से उठ रही है. यह दुनियाभर में सबसे पहले चीन में लांच किया गया था. जिसके बाद पिछले साल मार्च महीने में दुनियाभर के गेमर के लिए यह गेम ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया में उतारा गया.गौरतलब हो कि पिछले साल ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने गेम खेलने की लत को मानसिक रोग की श्रेणी में शामिल किया है, जिसे 'गेमिंग डिसऑर्डर' नाम दिया गया है. 'गेमिंग डिसऑर्डर' से ना केवल युवा बल्कि हर उम्र के लोग पीड़ित हो सकते है.

## ओशिवरा पुलिस स्टेशन की मुस्तैदी से १० घंटे में चोरी हुई कार बरामद

**मुंबई :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक ०३/०२/२०१९ सुबह ५ से ६ के दरम्यान एक अनजान व्यक्ति एस.वि.रोड के करीब २४ कैरेट सिनेमा, जोगेश्वरी पश्चिम स्थित, जानमोहम्मद अपार्टमेंट के वॉचमैन के पास गया और कहा की, 'रियाज़ भाई ने गाडी की चाभी मांगी है।' वॉचमेन ने कार के मालिक का नाम सुनकर के अज्ञात आदमी को ऑडी क्यू ३ (ॅळअ़ ३) एम एच १२ पि.टी.७०७१ कार की चाभी दे दी और सुबह ६ बजे फ्लैट नंबर ११३ तीसरा माला बी विंग जानमोहम्मद अपार्टमेंट में रहने वाले रियाज़ रफीक खंडवानी को वॉचमन ने बताया की आपका नाम बोलकर एक व्यक्ति ने आपकी कार ले गया है। रियाज़ रफीक खंडवानी ने फौरन इस की सुचना ओशिवरा पुलिस ठाणे को दी जिस के बाद ओशिवरा पुलिस



ठाणे में ड्यूटी अधिकारी पुलिस उप निरीक्षक संदीप सुरेशसिंग परदेशी, ने वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में गुनाह क्रमांक ५४/१९ कलम ३७९ घ्झ्ण के तहत अज्ञात वियक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया मामले को गंभीरता से लेते हुए ओशिवरा पुलिस ठाणे के वरिष्ठ अधिकारियो के नेतृत्व में पुलिस उप निरीक्षक संदीप सुरेशसिंग परदेशी व पुलिस हवालदार साटम और सतपाल ने गुप्त सूचना के आधार पर ०३।०२।२०१९ को शाम में फाउंटेन होटल ठाणे से कार बरामद किया। दिनांक ७ /०२/२०१९ को दिन में गश्त कर रहे पुलिस अधिकारी सहायक पुलिस निरीक्षक किरन पवार, पुलिस हवालदार फर्नांडिस, पाटिल, बंसोड़े, नायक, भूसलकर, शेरे,बर्ज व दस्ते को जानकारी मिली की एक चोरी के मामले में एक संदिग्ध को अक्सा मस्जिद रोड पर देखा गया है। पुलिस अधिकारी फ़ौरन बताई हुई जगह पहुंचकर वहाँ जाल बिछाकर संदिग्ध व्यक्ति को शक के आधार पर पूछताछ करने ओशिवरा पुलिस ठाणे ले आए। जब सख्ती से पूछताछ की गयी तो अक्सा मस्जिद से पकडे गये आरोपी सूफ़िया यासीन भोला ३५ वर्ष, ने अपना गुनाह कबूल किया की, उसने ही ०३/०२/२०१९ की सुबह ५ से ६ के दरमियान एस।वि।रोड के करीब २४ कैरेट सिनिमा, जोगेश्वरी पश्चिम स्थित, जानमोहम्मद अपार्टमेंट के वॉचमैन से रियाज़ का नाम बोलकर कार चोरी की थी। मामले में जानमोहम्मद अपार्टमेंट के वॉचमन काज़िम अली को बुला कर आरोपी सुफियान की शिनाख्त कराइ तो वॉचमैन ने बताया की यही आदमी कार की चाभी ले गया था। वॉचमैन के बयान और आरोपी की कबूलियत से पुलिस अधिकारिओ ने सुफियान को गुनाह क्रमांक ५४/१९ कलम ३७९ घ्झ्ण के तहत गिरफ्तार कर चोरी की गाडी १० घंटे में ढूंढ कर आरोपी को गिरफ्तार कर सराहनीये काम को अंजाम दिया।

## ममता बनर्जी ने पीएम नरेंद्र मोदी पर साधा निशाना, कहा- चुनाव के वक्त वो 'चायवाला' बनते हैं, बाद में 'राफेलवाला'



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जलपाईगुड़ी में हुई रैली के कुछ देर बाद उनपर जमकर निशाना साधा है. ममता बनर्जी ने कहा कि मोदी चुनाव के लिए 'चायवाला' बनते हैं और बाद में 'राफेलवाला' बन जाते हैं. सीबीआई विवाद को लेकर भी ममता बनर्जी ने पीएम मोदी पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि आरबीआई से सीबीआई तक, हर कोई उनको बाय-बाय क्यों कर रहा है? ममता बनर्जी ने कहा कि वे भारत को नहीं जानते. वे यहां गोधरा और अन्य विवादों के बाद पहुंचे. वे नोटबंदी और भ्रष्टाचार के मास्टर है.

## छत्तीसगढ़ सरकार ने निलंबित किए दो आईपीएस अफसर, अवैध फोन टेपिंग कांड में जांच प्रभावित करने के आरोप

**रायपुर:** छत्तीसगढ़ सरकार ने नान और अवैध फोन टेपिंग कांड में आरोपी बनाए गए दो आईपीएस अफसरों को निलंबित कर दिया है। राज्य शासन ने इस आशय के आदेश शनिवार को जारी कर दिए हैं। सरकार की तरफ से जारी आदेश के अनुसार, दोनों अफसरों पर अखिल भारतीय सेवा (आचरण) नियम १९६८ के नियम ३ के तहत कार्रवाई की गई है।

इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश में किसी भी प्रकार से दोषी पाए जाने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। उल्लेखनीय है कि गुरुवार देर रात आर्थिक अपराध शाखा



(ईओडब्ल्यू) ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मुकेश गुप्ता और रजनेश सिंह पर आरोप है कि नान घोटाले की जांच के दौरान मिली डायरी के कुछ पन्नों के इर्द-गिर्द ही जांच केंद्रित रखी गई, जबकि डायरी के कई पन्नों में प्रभावशाली लोगों के नाम लिखे गए थे, जिन्हें जांच के दायरे में नहीं लाया गया। ऐसी स्थिति में संदेह पैदा होता है कि जांच को प्रभावित करने के साथ प्रभावशाली लोगों को बचाने के लिए जांच गलत ढंग से की गई। मुकेश गुप्ता और तत्कालीन एसीबी के एसपी रजनेश सिंह पर अवैध तरीके से फोन टैप कराए जाने की भी शिकायत सामने आई है, जिसे एफआईआर का आधार बनाया गया है।

## NCP चीफ शरद पवार का यू-टर्न, सोलापुर की माढ़ा सीट से लड़ सकते हैं लोकसभा चुनाव

**मुंबई:** एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा था कि वे २०१९ का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे. लेकिन आगामी चुनाव लड़ने को लेकर उनका एक बयान आया है. उन्होंने कहा है कि वह २०१९ में लोकसभा चुनाव लड़ने के बारे में फिर से विचार कर रहे हैं. उनका कहना है कि पार्टी के लोग चाहतें है कि मै सोलापुर के माढ़ा से चुनाव लड़ूं. लोगों के इस मांग के बाद शरद पवार ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है.



एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि सोलापुर के माढ़ा लोकसभा क्षेत्र के एनसीपी सांसद विजय सिहं मोहिते पाटिल ने उनसे चुनाव लड़ने का आग्रह किया है. उन्होंने कहा कि पाटिल के अलावा पार्टी के अन्य पदाधिकारियों की भी यही राय है. हालांकि मेरी चुनाव लड़ने की इच्छा नहीं है, फिर भी पार्टी पदाधिकारियों के आग्रह पर विचार करूंगा.

बता दें कि इससे पहले २०१८ में शरद पवार ने एक रैली के दौरान कहा था कि वह २०१९ में चुनाव नहीं लड़ेंगे.

## पत्नी की हत्या कर लाश संग सोया, सुबह सरेंडर

**उस्मानाबाद,** महाराष्ट्र के उस्मानाबाद से रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां अपनी गर्भवती पत्नी की हत्या करने के बाद एक शख्स रातभर लाश के बगल में सोता रहा। इसके बाद अगले दिन सुबह पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। मुरुम पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि ओमरेगा तहसील निवासी विनोद धानसिंह पवार का उनकी पत्नी प्रियंका राठौड़ से गुरुवार रात किसी बात पर विवाद हुआ था और गुस्से में आकर विनोद ने प्रियंका की गला घोंटकर हत्या कर दी।

अधिकारी ने बताया, 'हत्या के बाद विनोद पूरी रात शव के साथ सोता रहा और शुक्रवार सुबह पुलिस थाने पहुंचकर अपराध की बात स्वीकार की और सरेंडर कर दिया।' पुलिस अधिकारी ने बताया कि विनोद बोरवेल कमिशन एजेंट था, जबकि प्रियंका तुलजापुर में नर्स थी।

दोनों की शादी को नौ महीने ही हुए थे और प्रियंका ५ महीने की गर्भवती भी थीं। महिला के रिश्तेदारों ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसके घरवालों से आए दिन पैसों की मांग करता था और इस वजह से दोनों के बीच विवाद होता था। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## यूपी-उत्तराखंड में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या पहुंची १०० के पार, १७५ गिरफ्तार, ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कच्ची शराब पीने से हुई मौतों का सिलसिला जारी है. यह आंकड़ा अब १०० की संख्या पार कर चुका है. ताजा आंकड़े के मुताबिक, दोनों राज्यों में अब तक कुल १०९ लोगों की मौत हो चुकी है. मौत की संख्या १०० के पार जाने पर योगी सरकार की सख्ती के बाद प्रशासन ने अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहा है. इसके



लिए प्रसाशन ने १५ दिन का अभियान शुरू किया है. मामले में उत्तर प्रदेश सरकार ने अवैध शराब के खिलाफ सबसे बड़ा ऑपरेशन शुरू किया है. सहारनपुर से लेकर गोरखपुर तक हुई कार्रवाई में २९७ मामले दर्ज किए गए हैं. वहीं १७५ लोगों को गिरफ्तार किया गया है.सहारनपुर में अवैध शराब की भट्ठियों से ३६,१०० किलो लहन (कच्चा पदार्थ), २५० लीटर कच्ची शराब और ६० लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई है. साथ ही अकेले सहारनपुर में १० पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है. इसके अलावा राज्य सरकार जहरीली शराब बनाने और बेचने वालों पर राष्ट्रीय सुरक्षा एक्ट लगाने की तैयारी कर रही है.

# संक्षिप्त न्यूज

## तेलतुंबडे को गिरफ्तारी से और मिली राहत

**मुंबई:** मुंबई उच्च न्यायालय ने दलित विचारक डॉ. आनंद तेलतुंबडे की गिरफ्तारी पर लगी अंतरिम रोक को बढ़ाकर अब २२ फरवरी कर दी है। कोर्ट ने पुणे पुलिस को आदेश दिया है कि यदि वह गिरफ्तार किए जाते हैं तो अगली सुबह ही डॉ. तेलतुंबडे को पर्सनल बॉन्ड या किसी के द्वारा गारंटी लेने पर रिहा कर दे। ऐल्गार परिषद-भीमा कोरेगांव मामले में पुणे पुलिस तेलतुंबडे की गिरफ्तार चाहती है। पूर्व में डॉ. तेलतुंबडे को ११ फरवरी तक गिरफ्तार न करने की छूट दी गई थी, जो सोमवार को समाप्त हो रही थी। उन्होंने अग्रिम जमानत पाने के लिए इस साल की शुरुआत में ही उच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी।

## विजेताओं को दस्तावेज जमा करने का मौका

**मुंबई:** म्हाडा के कोकण बोर्ड ने पिछले वर्ष ठाणे और विरार के ३,९०० घरों के लिए लगी लॉटरी में विजेताओं की पात्रता निश्चित करने के लिए विशेष शिविर लगाया, जिसमें १,७०० विजेता पात्र पाए गए, जबकि २,००० की पात्रता निश्चित होना बाकी है। म्हाडा इन विजेताओं को दस्तावेज जमा करने का अवसर उपलब्ध कराएगा। इस महीने विजेताओं की सुविधा के लिए म्हाडा ने १० दिवसीय शिविर लगाया, ताकि सभी विजेता पात्रता के लिए दस्तावेज जमा कर सकें।

## प्लास्टिक वापसी पर मिले प्रोत्साहन

**मुंबई:** प्लास्टिक की चुनौती से निपटने के लिए नया सुझाव आया है। समाजवादी पार्टी के ग्रुप नेता रईस शेख ने प्लास्टिक देने वालों को बेस्ट बसों के टिकट में छूट की अपील की है। शेख ने कई अन्य देशों में चल रही व्यवस्था को इसका आधार बनाया है। उनके मुताबिक, बीजिंग में प्लास्टिक बोतल के बदले टिकट उपलब्ध कराया जाता है। सायबेरिया, सिडनी जैसे शहरों में भी इसी तरह की व्यवस्था है। प्लास्टिक की चुनौती से निपटने के लिए लोगों प्लास्टिक जमा कर करेंगे। शेख ने बेस्ट से चर्चा कर बीएमसी प्रशासन से इसी तरह की स्कीम लाने की मांग की है।

## हिंदुस्तानी प्रचार सभा में भाषण प्रतियोगिता संपन्न

**मुंबई:** हिंदुस्तानी प्रचार सभा की ओर से आयोजित सरल हिंदी पाठ्यक्रम के विभिन्न कॉलेजों और केंद्रों के ३० विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर डॉ. सुशीला गुप्ता ने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में विक्रम विश्वकर्मा (सोमैया कॉलेज) को प्रथम, शब्बो खान (सोफिया कॉलेज) को द्वितीय, आकांक्षा चौबे (श्रॉफ कॉलेज) को तृतीय और सुप्रिया गांवकर (हिंदुस्तानी प्रचार सभा) तथा अन्नू सोनी (खालसा कॉलेज) को प्रोत्साहन पुरस्कार से नवाजा गया।

# मालाड स्टेशन पर ३ नए एस्केलेटर का उद्घाटन





**शिवशंकर तिवारी**

**मुंबई ।** पश्चिमी उपनगर के मालाड रेलवे स्टेशन से दैनिक यात्रा करने वाले यात्रियों को नये साल की नई सौगात मिल गयी है। नवनिर्मित पादचारी पुल के साथ लगाये गये तीन एस्केलेटर का उद्घाटन एक समारोह में उत्तर मुंबई के सांसद गोपाल शेट्टी और कांदिवली पूर्व के भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में यात्रियों के साथ पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। पश्चिम रेलवे द्वारा सुंदरीकरण के तहत चयनित मालाड रेलवे स्टेशन का इन दिनों कायाकल्प किया जा रहा है। हार्बर लाईन की दो अतिरिक्त पटरियों को बिछाने के साथ स्टेशन का चेहरा बदला जा रहा है। सांसद के सुझाव पर तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने पश्चिमी उपनगर के कई स्टेशनों को नया लुक देने का निर्देश दिया था। प्लेटफार्म एक दो और चार पर लगाए गए नये इस्केलेटर के साथ नया बनाया गया पादचारी पुल जनता के लिए खोल दिया गया। गंगाराम जमनानी समेत रेलवे के कई अधिकारी मौजूद थे।

# 'सत्ता में आने से तीसरे वर्ष में सभी राजनैतिक पार्टीया लेखा-जोखा सार्वजनिक करें'

## सांसद गोपाल शेट्टी की शून्य काल के दौरान मांग



**पूजा पाण्डेय**

**मुंबई ।** कुछ ही महिनो में देश में लोकसभा चुनाव का आगाज होने वाला हैं। चुनावी माहौल में वोटरों को लुभाने की लिए अनेक राजनैतिक पार्टीओं द्वारा कइवादे किए जाते है। यह वादे चुनाव माहौल में वोटरों को आकर्षित करते है। किंतु आम जनता और देश के लोकतंत्र को ऐसे धोकाधडी से बचाना काफीजरुरी है। इसी बात को उत्तर मुंबई के सांसद गोपाल शेट्टी ने सांसद ने उठाइ है। सांसद भवन के शून्य काल के भितर शेट्टी ने मांग कि हैं के इस पर रोकलगाने के लिए कानून का प्रावधान हो।

उन्होने अपने निवेदन में कहा ' हमारा देश दुनिया का सबसे बडा लोकतंत्र है। हमारे देश में चुनाव के दौरान विभिन्न राजनैतिक पार्टी दलों के द्वाराचुनावी घोषणा पत्र (मेनिफेस्टो) जारी किए जाते हैं, तथा चुनावों में वोटरों को लुभाने के लिए तरह-तरह के वायदे किए जाते हैं। चुनाव जीतकर सत्ता मेंआने के बाद ये दल अपने (मेनिफेस्टो)लागू करने के प्रति कभी भी गंभीर नहीं रहतें, जिससे देश का विकास न केवल रुक जाता हैं, बल्की हम विकास सेकही अधिक पिछे चले जाते हैं।ऐसे राजनैतिक दलों के द्वारा इस प्रकार के लोग लुभावने मेनिफेस्टो जारी करना देश और लोकतंत्र दोनों के हि हित मेंनहीं हैं।'

वह आज कहते है कि,'अत: आप मेरा सदन के माध्यम से सरकार को अनुरोध हैं कि वह जो राजनैतिक दल चुनाव जीतकर सत्ता में आते हैं, वे तिसरेवर्ष में अपने चुनावी मेनिफेस्टो में किए गए वायदों को पुरा किए जाने से संबंधित अपना लेखा-जोखा सार्वजनिक किए जाने एवं जो दल अपने चुनावीमेनिफेस्टो को सत्ता में आने के बाद ७५ प्रतिशत पुरा करने में असफल रहते हैं, उनके दल कि मान्यता रद किए जाने से संबंधित प्रावधान लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम में किए जाने हेतू आवश्यक पहल करें।'




# SP-BSP गठबंधन में शामिल होगी कांग्रेस? इतनी सीटों का मिला ऑफर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने महासचिव पद पर प्रियंका गांधी को नियुक्त कर यूपी का सियासी सीन बदल दिया है. नै १८ ने सूत्रों के हवाले से खबर डाली है जिसके अनुसार SP और BSP अपने महागठबंधन में कांग्रेस को शामिल करने का ऑफर दिया है. खबर के अनुसार गठबंधन ने कांग्रेस को १४ सीट सीट देनी की बात कही है. ऐसा भी बताया जा रहा है कि



कांग्रेस को ३० सीट मिलने की उम्मीद है. प्रियंका गांधी के सियासी मैदान में उतरने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में कमाल का उत्साह है. ज्ञात हो कि पिछले महीने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (एइ) और बहुजन समाज पार्टी (एइ) ने औपचारिक रूप से गठबंधन का ऐलान कर दिया. मायावती ने गठबंधन को एक नई राजनीतिक क्रांति करार दिया था और कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की नींद उड़ा देगा. तब दोनों पार्टियों ने कांग्रेस को गठबंधन में नहीं लेने की बात कही थी. मगर कांग्रेस द्वारा प्रियंका गांधी को पूर्वी यूपी की जिम्मेदारी दिए जाने के बाद हालात बदल गए है. अब कहा जा रहा है कि महागठबंधन ने कांग्रेस को १४ सीटों का ऑफर दिया है. अब यह तो वक्त ही बताएगा कि क्या कांग्रेस महागठबंधन में शामिल होगी या फिर अकेली चुनावी मैदान में उतरेगी. सपा-बसपा के अंदर एक अंडरस्टैंडिंग बढ़ रही है कि यदि कांग्रेस के गणित को समझते हुए अगर झुकना पड़े तो दोनों पार्टियां कांग्रेस को १४ सीटें देकर ३२-३२ सीटों पर चुनाव लड़ेंगे.

# ३६ साल की महिला ने ९ साल के बच्चे के साथ किया बलात्कार, केस दर्ज

केरल की तेनिपलम पुलिस ने ९ साल के बच्चे के साथ कथित तौर पर बलात्कार के मामले में ३६ वर्षीय महिला के खिलाफ केस दर्ज किया है. पुलिस के मुताबिक यह मामला पिछले हफ्ते सुर्खियों में आया जब जब बच्चे ने एक लोकल क्लिनिक के डॉक्टर को अपनी आपबीती के बारे में बताया. बच्चे के खुलासे पर डॉक्टर ने तुरंत चाइल्डलाइन अधिकारियों को मामले की जानकारी दी, जिन्होंने उसका बयान दर्ज कर महिला के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी. मामले में पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट की धारा ५ और ६ के तहत केस दर्ज किया है. लाइल्डलाइन अधिकारियों के मुताबिक एक साल से अधिक वक्त तक लड़का यौन शोषण का शिकार हुआ. मामले में चाइल्डलाइन (मलप्पुरम) के कॉर्डिनेटर अनवर करक्ककदन ने बताया, 'हमने पुष्टि की है कि महिला ने महीनों तक बच्चे संग यौन उत्पीड़न किया. इससे बच्चे की मानसिक स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ा है. आरोपी महिला लड़के के अंकल की पत्नी है और उसके घर के पास ही रहती है.' तेनिपलम पुलिस के अनुसार चाइल्डलाइन के बयान के आधार पर यह केस दर्ज किया गया है. मामले में जांच जारी है अब आगे की जानकारियों से खुलासा होगा. पुलिस ने बताया कि उन्हें पता चला है कि पीड़ित और आरोपी के परिवार के बीच विवाद था. हम इसकी जांच करेंगे कि कहीं झगड़े को जोड़ते हुए आरोप तो नहीं लगाए गए हैं. पुलिस आरोपी का बयान दर्ज करेगी.'

# बहन प्रियंका गांधी की इंट्री से आक्रामक हुए राहुल, सपा-बसपा को दी ये चेतावनी

स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अपने बूते आगामी लोकसभा चुनाव में उतरेगी. उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि पार्टी उत्तर प्रदेश में पूरी ताकत व क्षमता के साथ आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेगी. इस तरह राहुल गांधी ने प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लिए अपने दरवाजे लगभग बंद कर दिए, मगर उन्होंने कहा कि वह दोनों दलों के नेता मायावती



और अखिलेश यादव का आदर करते हैं.

पार्टी दफ्तर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि समय आ गया है जब प्रदेश में कांग्रेस की विचारधारा को पुनर्जीवित किया जाना चाहिए. पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया की ओर संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि इन्हें उत्तर प्रदेश न सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए भेजा गया है, बल्कि यह सुनिश्चित करने का दायित्व दिया गया है कि प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस की बने. राहुल गांधी ने कहा, 'प्रदेश के लोगों को काफी भुगतना पड़ा है. उन्होंने हर पार्टी को अजमा के दिख लिया और सबकी परीक्षा ले ली. कांग्रेस को उत्तर प्रदेश की प्रगति और समृद्धि के लिए अगली सरकार बनानी होगी. उधर, पार्टी कार्यकर्ता 'राहुल भैया, राहुल भैया' के नारे लगा रहे थे.

# पत्नी अपने प्रेमी के साथ बंद कमरे में थी, अचानक आ पहुंचा पति- फिर जो हुआ उससे दहल गया पूरा आगरा

**आगरा :** आगरा निवासी ऋषि तोमर ने अपनी २८ वर्षीय पत्नी और ३० वर्षीय उसके प्रेमी के मौत के घाट उतार दिए. ऋषि दिल्ली में एक कंपनी में नौकरी करता था. सोमवार के दिन वो छुट्टी पर घर आया था और मंगलवार को फोन घर भूलकर चला गया था और पत्नी से कहकर गया था कि उसे आने में देरी होगी. आधे रास्ते पहुंचकर उसे याद आया कि वो अपना फोन घर भूल आया है. जब वो फोन लेने घर आया तो दरवाजे पर कुंडी लगी हुई थी. दरवाजा खुलवाने पर न तो पत्नी ने कोई आवाज दी और न ही दरवाजा खोला. गुस्से में आकर आरोपी ऋषि ने दरवाजा तोड़ दिया और अपनी पत्नी को किसी और मर्द के साथ पाया.

गुस्से में आकर उसने पत्नी लक्ष्मी और उसके प्रेमी दीपक पर घर में पड़े फावड़े से हमला कर दिया दिया. फावड़े से मार- मारकर उसने दोनों को काट दिया. इसके बाद आरोपी खून से सने हाथ और कपड़े लेकर थाने पहुंचा और पुलिस से बोला, पत्नी और उसके प्रेमी की हत्या करके आया हूं, लाशें घर में ही पड़ी हैं. आरोपी की बात यह सुनकर पुलिस वालों के होश उड़ गए.

# दिल्ली के होटल अर्पित पैलेस में भीषण आग ने मचाया तांडव, १७ लोगों की मौत, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

देश की राजधानी दिल्ली के करोलबाग में उस वक्त हडकंप मच गया जब होटल अर्पित पैलेस में भीषण आग लग गई. इस हादसे में १७ लोगों की मौत हो गई. आग को काबू करने के लिए फायरब्रिगेड की २७ गाड़ियां कड़ी मशक्कत कर रही हैं. बता दें कि आग होटल अर्पित पैलेस जब लगी तो कुछ लोग अपनी जान बचाने के लिए फ्लोर से कूदने लगे. वहीं रेस्क्यू का काम भी लगातार जारी है. होटल अर्पित पैलेस में मंगलवार तड़के करीब साढ़े चार बजे भीषण आग लगी. जिसके बाद चारोतरफ अफरातफरी मच गई. अर्पित पैलेस होटल में कुल ४० कमरे





हैं. जिनमे से लोगों को सुरक्षित निकालने का काम किया जा रहा है. बता दें कि केरल से आए एक ही परिवार के ७ लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है जबकि तीन के अभी भी फंसे होने की आशंका है. बता दें कि जब आग लगी तो उस वक्त अधिकांश लोग अपने कमरे में सोये हुए थे. फिलहाल अभी भी रेस्क्यू जारी है. वहीं आग लगने की वजह तो सामने नहीं आई है. लेकिन इस घटना पूरी दिल्ली को एक बार फिर से दहला दिया है.

गौरतलब हो कि दिल्ली में आग लगने की यह दूसरी घटना है. इससे पहले दिल?ली के कीर्ति नगर में गुरुवार को देर रात फर्नीचर मार्केट में भीषण आग लग गई थी. इस आग में लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई. आग इतनी भीषण थी कि उसे काबू करने के लिए फायर ब्रिगेड की १० से अधिक गाड़ियों को मौके पर कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी.

# खौफनाक: राजधानी दिल्ली में ६ साल की मासूम बच्ची पर फेंका गया खौलता हुआ तेल, परिवार ने पड़ोसी पर लगाया गंभीर आरोप

देश की राजधानी दिल्ली में एक बार फिर दिल को दहला देने वाली खबर सामने आई है. जी हां दिल्ली के दयालपुर इलाके में बालकनी में बाल सुखा रही छह साल की मासूम बच्ची पर खौलता हुआ तेल डालने का मामला सामने आया है. मासूम बच्ची का नाम आलिया बताया जा रहा है. आलिया को जगप्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है. परिवार ने पड़ोस में रहने वाली महिला पर कूड़ा फेंकने के विवाद में खौलता हुआ तेल डालने का आरोप लगाया है. दयालपुर थाना पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है.



पुलिस पड़ोसन से भी पूछताछ कर रही है.

पुलिस के मुताबिक, आलिया परिवार के साथ गली नंबर-२, चंदू नगर, दयालपुर में दूसरी मंजिल पर रहती है. परिवार में मां हिना, पिता रियाजुद्दीन व अन्य सदस्य हैं. शनिवार शाम को आलिया ट्यूशन पढ़कर घर लौटने के बाद नहाकर बालकनी में बाल सुखा रही थी. इस बीच हिना ने बेटी के चिल्लाने की आवाज सुनी. देखने पर पता चला कि किसी ने आलिया पर खौलता हुआ तेल डाल दिया था, जिसके बाद घर वाले आनन-फानन में तुरंत उसे अस्पताल ले गए और भर्ती कराए. घर वालों का आरोप है कि कुछ दिन पूर्व कूड़ा डालने को लेकर उनका पड़ोस में रहने वाली एक महिला से झगड़ा हो गया था. महिला ने परिवार को देख लेने की धमकी दी थी. इसी रंजिश में कुछ दिन पूर्व डेढ़ साल की बेटी की गर्दन पर गर्म तेल डाला गया था. अब आलिया को निशाना बनाया गया है.

मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com